प्रबन्ध–समिति बैठक की कार्यवाही

आज दिनाँक 04.07.2021 दिन रविवार समय 01:00 बजे दोपहर को पूर्व एजेण्डा दिनाँक 22.06.2021 के अनुसार पं0 वंशराज पाण्डेय स्मारक सत्य गोविन्द शिक्षण संस्थान भगवानपुर मंझरिया अहिरौली गोविन्द साहब अम्बेडकरनगर की बैठक अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश पाठक की अध्यक्षता में स्थान पं0 वंशराज पाण्डेय स्मारक सत्य गोविन्द शिक्षण संस्थान भगवानपुर मंझरिया में प्रारम्भ की गई। सभी सम्मानित सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, बैठक का कोरम पूर्ण रहा।

प्रस्ताव संख्या–1
पिछली कार्यवाही की पुष्टि

मंत्री श्रीमती कनकलता ने पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

प्रस्ताव संख्या–2
आज का विचारणी विषय

प्रबन्धक श्री ठाकुर प्रसाद पाण्डेय ने समिति के सम्मानित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को अवगत कराया कि पं0 वंशराज पाण्डेय स्मारक सत्य गोविन्द शिक्षण संस्थान भगवानपुर मंझारिया के विकास के लिए एवं क्षेत्रवासियों को स्वास्थ शिक्षा के लिए फार्मेसी कॉलेज संचालित किया जाय इस प्रस्ताव का समर्थन उपस्थित समस्त सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने किया।

प्रस्ताव संख्या–3

उपाध्यक्ष श्री घनश्याम दूबे ने संस्था के फार्मेसी कॉलेज का नाम पं0 बंशराज सत्यगोविन्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सम्मानित सदस्यों ने समर्थन किया। सभी सम्मानित सदस्यों ने एक स्वर से प्रबन्धक श्री ठाकुर प्रसाद पाण्डेय को पं0 बंशराज सत्यगोविन्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी संचालित करने के लिए सभी बैधानिक व आर्थिक कार्यों को करने की संस्तुति प्रदान की।

प्रताव संख्या–4

अन्य कोई भी प्रस्ताव विचारार्थ नहीं आने कारण अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्त की जाति है।

सत्यप्रकाशपाठक
अध्यक्ष
पं0 वंशराज पाण्डेय स्मा0 सत्य गोविन्द
शिक्षण संस्थान भगवानपुर मंझरिया
आलापुर अम्बेडकर नगर

प्रबन्धक
पं0 वंशराज पाण्डेय स्मारक
सत्यगोविन्द शिक्षण संस्थान
भगवानपुर मंझरिया, आलापुर–अम्बेडकरनगर